# IDN चर मुद्दों की परियोजना:

# IDN चर TLDs के प्रत्यायोजन से संबंधित मुद्दों का एक अध्ययन

21 फरवरी 2011

**IDN** चर मुद्दों की परियोजना**:**

**IDN** चर

**TLDs** के प्रत्यायोजन से संबंधित मुद्दों का अध्ययन

# विषय-सूची


**IDN चर मुद्दों की परियोजना:** .................... **2**

**IDN चर  TLDs के प्रत्यायोजन से संबंधित मुद्दों का अध्ययन** .................... **2**

कार्य-निष्पादन सारांश .................... **3**

**1.** परिचय .................... **4**

**2.** पृष्ठभूमि .................... **5**

**3.** परियोजना का कार्यक्षेत्र .................... **5**

**4.** परियोजना .................... **7**

**4.1** कार्य योजना .................... **7**

**4.2** अध्ययन दल की संरचना .................... **9**

**4.3** परियोजना प्रबन्धन और समंवय .................... **10**

**4.4** सूचनाओं को साझा करना .................... **10**

**4.5** समय-सीमा .................... **11**

**4.6** बजट दर्शन .................... **11**

कार्य-निष्पादन सारांश

IDN चर मुद्दों की परियोजना, IDN चर TLD के लाभप्रद एवं सुरक्षित प्रत्यायोजन से संबंधित मुद्दों की पहचान करने के लिए मामला अध्ययनों के माध्यम से काम करेगी।

विशिष्ट रूप से ICANN ने IDN चर TLD के लिए एक अच्छे प्रयोक्ता अनुभव में सुविधा प्रदान करने के लिए जिन मुद्दों को हल करने की जरूरत है, उनके समुच्चय का अन्वेषण करने के लिए पांच मामला अध्ययन (सुझाए गए मामले चीनी, अरबी, लैटिन, इंडिक, एवं सिरिलिक हैं) संचालित करने का प्रस्ताव किया है। इन पांच मामला अध्ययनों से, एक मुद्दा रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

IDN के चरों का प्रबंधन एक जटिल एवं महत्वपूर्ण विषय है, तथा परियोजना की सफलता महत्वपूर्ण सामुदायिक विशेषज्ञता निविष्टि एवं काम करने में सहयोग पर निर्भर है।

## **1.** परिचय

चर अक्षरों का प्रयोग करने वाले भाषा समुदाय इस बारे में निर्णयों से प्रभावित होते हैं कि नए TLD में चरों का प्रबंधन एवं कार्यान्वयन कैसे किया जाता है। यह IDN gTLD एवं IDN ccTLD दोनों कार्यान्वयनों में चिंता का विषय है।

2009 में, इन मुद्दों का अध्ययन करने के लिए मेक्सिको शहर एवं सिडनी में ICANN की बैठकों के दौरान चर्चाओं के बाद एक स्वतंत्र कार्यान्वयन कार्य दल गठित किया गया था। इस दल में विभिन्न भाषा समुदायों के भाषाई एवं तकनीकी विशेषज्ञ शामिल किए गए, तथा ICANN के दो बोर्ड निदेशक सह-अध्यक्ष थे जो IDN एवं DNS के क्षेत्रों में निपुण हैं। दल ने सिफारिश की थी कि उस समय चरों को TLD के रूप में प्रत्यायोजित न किया जाए, और यदि वांछित चर प्रत्यायोजित किए जाने हों, तो कतिपय शर्तें अवश्य पूरी होनी[1] चाहिए।

IDN चर TLD के प्रत्यायोजन के लिए संभावित समाधान विकसित करने के लिए, ICANN बोर्ड ने नार्वे में 2010 की अपनी बैठक में[2] CEO को निदेश दिया कि:

> ... (ICANN बोर्ड के ES-WG से परामर्श करके) एक मुद्दा रिपोर्ट विकसित करें जिसमें इस बात की पहचान हो कि चर अक्षर IDN से युक्त gTLD की तैनाती के प्रति करणीय दृष्टिकोण विकसित करना सुकर बनाने के निमित्त नई gTLD प्रक्रियाओं के अंग के रूप में चर अक्षरों से युक्त IDN gTLD के मूल्यांकन, संभावित प्रत्यायोजन एवं प्रचालन के लिए क्या करने की जरूरत है। अपेक्षित कार्य के विश्लेषण में आवश्यक कार्य करने के लिए उपयुक्त स्थानों (उदाहरणार्थ, ICANN, IETF, भाषा समुदाय, आदि) की पहचान की जानी चाहिए। सार्वजनिक समीक्षा के लिए रिपोर्ट प्रकाशित की जानी चाहिए।

यह दस्तावेज एक आरंभिक मुद्दा रिपोर्ट विकसित करने के लिए ICANN की प्रस्तावित योजना का वर्णन करता है।

पांच मामला अध्ययन (सुझाए गए मामले चीनी, अरबी, लैटिन, इंडिक, एवं सिरिलिक हैं) ऐसे मुद्दों के समुच्चय के अन्वेषण के लिए नियोजित हैं जो यदि समाधान हो गया, तो संबंधित प्रयोक्ता समुदाय के लाभ के लिए IDN चर TLD के प्रत्यायोजन को समर्थ बना सकते हैं। उम्मीद है कि पांच मामला अध्ययनों के परिणाम TLD में IDN चर की हैंडलिंग की दिशा में मुद्दों, रोड़ों एवं संभावित समाधानों की पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

दस्तावेज के खंड दो में IDN चरों की कुछ पृष्ठभूमि दी गई है; खंड तीन परियोजना के कार्यक्षेत्र को परिभाषित करता है; खंड 4 में समग्र कार्य योजना, कार्य दल की संरचना, सूचनाओं की हिस्सेदारी, प्रांरभिक समय-सीमा, बजट दर्शन आदि का ब्यौरा दिया गया है।

---

[1] http://www.icann.org/en/topics/new-gtlds/idn-implementation-working-team-report-final-03dec09-en.pdf पर परिभाषाएं प्राप्त की जा सकती हैं।

[2] ICANN का निदेशक मंडल देखें। (2010) बोर्ड का प्रस्ताव अंगीकार करें। ट्रोन्डहेम, नार्वे। 30 नवम्बर, 2010, को http://www.icann.org/en/minutes/resolutions-25sep10-en.htm#2.5 से पुन: प्राप्त हुआ।

## 2. पृष्ठभूमि

किसी “चर” की सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य कोई परिभाषा नहीं है। एक संभावित परिभाषा[3] यह है कि चर अक्षर तब उत्पन्न होते हैं, जब किसी एकल संकल्पनात्मक अक्षर का ऐसे आरेखीय निरूपणों के साथ दो या अधिक भिन्न यूनिकोड कोड प्वाइंट के साथ तादात्म्य स्थापित किया जा सकता है जो देखने में समान हो सकते हैं या नहीं भी हो सकते हैं। IDN चर TLD में एक या अधिक अक्षर निहित होते हैं जिनमें ऐसे चर हैं।

IDN चर TLDs के संभावित उदाहरण[4]:

a. अरबी उदाहरण:

   السعوديه السعودية

b. जर्मन उदाहरण:

   “koeln” और “köln”

c. चायनीज उदाहरण:

   中国 vs. 中國

## 3. परियोजना का कार्यक्षेत्र

IDN चर TLDs के प्रत्यायोजन के कई चिह्नित मुद्दे हैं। IDN चर TLD के प्रत्यायोजन की अनुमति देने से प्रयोक्ताओं को भ्रम हो सकता है, जबकि चरों को शामिल न करना ऐसे समुदायों को विशेष विक्रय अधिकार से वंचित कर सकता है जो बहिष्कृत TLD स्ट्रिंग में अक्षरों का प्रयोग करते हैं।

संबद्ध आधार लेबल TLD का प्रयोग करने की तुलना में प्रत्यायोजित IDN चर TLD का प्रयोग करने में प्रयोक्ताओं के प्रत्याशित अनुभव मामला-दर-मामला भिन्न हो सकते हैं। सामान्यतया, IDN चर TLD का सफल प्रत्यायोजन सुनिश्चित करने के लिए, निम्नलिखित कार्य पूरा करने की जरूरत होती है:

परियोजना का कार्य

1. शब्दों का ऐसी शब्दावली तैयार करें जिसे आमतौर पर समझा जाता हैं तथा सुनिश्चित करें कि ऐसे शब्द सटीक एवं उपयुक्त तकनीकी व भाषाई समुदायों के साथ भलीभांति जांचे गए हों

---

[3] अंतर्राष्ट्रीयकृत डोमेन नाम (IDN) में पंजीकरण एवं चीनी, जापानी व कोरियन के प्रशासन के लिए RFC 3743, संयुक्त इंजीनियरिंग दल (JET) दिशानिर्देश देखें। निम्नलिखित पर उपलब्ध हैं: http://www.ietf.org/rfc/rfc3743.txt. IDN कार्यांवयन दल अंतिम रिपोर्ट भी इस परिभाषा का प्रयोग करती है , देखें <http://www.icann.org/en/topics/new-gtlds/idn-implementation-working-team-report-final-03dec09-en.pdf>

[4] ये केवल उदाहरण के लिए हैं, इसका यह अर्थ नहीं है कि ये चरों के लिए अपेक्षाएं हैं।

2. IDN चर TLD के साथ काम करने की चुनौतियों के समुच्चय की पहचान करें जो (a) भाषाई सटीकता, (b) तकनीकी संभाव्यता एवं सटीकता, (c) उपयोगिता, (d) सुगम्यता, और (e) सुरक्षा एवं स्थिरता पर आधारित हैं

IDN चर मुद्दों की परियोजना प्रश्न (1) और (2) पर ध्यान देती है:

अनुवर्तन कार्य:

3. उन परिस्थितियों की पहचान करें जिनके अंतर्गत IDN चर TLD प्रत्यायोजन के लिए पात्र हो सकते हैं
4. विश्लेषण करें तथा जहां संभव हो ऐसे नियमों, या जहां नियम संभव न हों तो दिशानिर्देशों पर पहुंचें, जो कार्य 2 में रेखांकित IDN चर TLDs के साथ काम करने की चुनौतियों का समाधान करते हैं
5. नियमों एवं दिशानिर्देशों पर पहुंचें, पंजीकरण आवश्यकता प्रचालनात्मक क्षेत्र एवं तकनीकी कार्यान्वयन क्षेत्र दोनों में
6. TLD प्रचालकों की जिम्मेदारियों का निर्धारण करें जो ऐसे प्रत्यायोजित IDN चर TLD के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होंगे
7. निर्धारित करें कि यह सुनिश्चित करने के लिए किस प्रकार के अनुपालन कार्यक्रम आवश्यक हो सकते हैं कि IDN चर TLD बनाए गए नियमों एवं दिशानिर्देशों के अनुसार प्रचालन करते हैं
8. मुद्दा रिपोर्ट पर समुदाय के साथ संप्रेषण करने एवं अंत:क्रिया करने के लिए व्यवहार्य व संपोषणीय पहुंच तंत्रों की पहचान करें

(3) से लेकर (8) तक के कार्य समुदाय के परामर्श से ICANN के स्टाफ, तथा IETF द्वारा संगत तकनीकी कार्य द्वारा निर्मित ICANN नीति विकास, कार्यान्वयन दिशानिर्देशों द्वारा अनुवर्तन परियोजनाओं का केंद्र-बिंदु होंगे।

IDN चर मुद्दों की परियोजना का उद्देश्य प्रयोग के मामलों की पहचान करने एवं अपने भाषाई समुदायों के लिए प्रत्याशित समस्याओं का वर्णन करने वाले दलों के विविध समुच्चय के साथ ''समस्या वक्तव्य'' की पहचान करना है जिनका IDN चर TLD नीति को समाधान करने का प्रयास करना चाहिए। समूहों को स्पष्ट करना चाहिए कि वे इस संदर्श से IDN चर TLDs से किस तरह काम करने की अपेक्षा करते हैं कि प्रयोक्ताओं को डोमेन का कैसे प्रयोग करना चाहिए तथा इसके साथ अंत:क्रिया करनी चाहिए। उदाहरण के लिए, डोमेन को उस समय कैसे कार्य करना चाहिए जब वेब ब्राउजर में प्रविष्ट किए जाते हैं, ईमेल पता में डोमेन कैसे प्रविष्ट होने चाहिए, डोमेन पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान डोमेन को कैसे काम करना चाहिए, सर्वर के संरूपणों में डोमेन को कैसे संरूपित करना चाहिए, तथा इसी तरह के अन्य कार्य। इसे विचार करना चाहिए कि सुरक्षा एवं स्थिरता के मुद्दों पर विशेष बल के साथ इन भिन्न क्षेत्रों में अवांछनीय परिणाम क्या होंगे।

मामला अध्ययन दलों को समाधानों का वर्णन करने से बचना चाहिए, बल्कि समस्या वक्तव्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इस पर एक स्पष्ट विजन कि ठीक से काम करने वाले IDN चर TLD डोमेन प्रयोक्ताओं को कैसा दिखेंगे, फिर मुद्दों के समाधान एवं लक्ष्यों की एकीकृत सूची में शामिल किया जा सकता है। इस प्रक्रिया से कार्यक्षेत्र एवं प्रयोग के मामलों का एक स्पष्ट वर्णन उत्पन्न होना चाहिए, जिसे

इस बात के मूल्यांकन को आसान बनाना चाहिए कि क्या संभावित समाधान संतोषप्रद परिणाम प्रदान करेंगे।

जब मुद्दों के इस सहमत समुच्चय को सामान्य प्रौद्योगिकी पर सेटिंग के साथ विभिन्न मामला अध्ययन दलों में सुसंगत कर दिया जाता है, तो दूसरे चरण के रूप में संभावित समाधानों के विश्लेषण का कार्य आगे बढ़ सकता है। संभावित समाधानों के विश्लेषण के कार्य में भाषाई सटीकता, तकनीकी संभाव्यता, उपयोग, सुगम्यता, एवं सुरक्षा व स्थिरता पर विचार किया जाएगा। यह अनुमान है कि समाधान स्थान पंजीकरण के नियमों एवं प्रचालनात्मक अपेक्षाओं का मिश्रण होगा, जिसे कोई TLD प्रचालक जहां संभव होगा वहां प्रचालनात्मक प्रथाओं के माध्यम से, या नयाचार तंत्रों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।


## 4. परियोजना

ज्ञात परिस्थितियों पर बल देने के लिए पांच व्यक्तिगत मामला अध्ययन किए जाएंगे जहां चर सामान्य प्रयोग में हैं तथा IDN चर TLD के प्रत्यायोजन का अनुरोध करने वाले आवेदनों का अंग हो सकते हैं। अध्ययन दल द्वारा किया गया प्रत्येक अध्ययन विशिष्ट मुद्दों पर संकेंद्रित होगा जो उनके समुदायों से संगत हैं। इस खंड में कार्य योजना, मामला अध्ययन दलों की संरचना, मामला अध्ययन दलों में तथा बाहरी संस्थाओं के साथ सूचना साझा करने के ढंग, परियोजना प्रबंधन एवं समन्वय, समय-सीमा, तथा परियोजना बजट दर्शन का वर्णन किया गया है।

मामला अध्ययन दलों के अंदर चर्चा की सूचना देने के निमित्त, दूसरे स्तर पर IDN चरों के चारों तरफ वर्तमान पंजीकरण नीति का सर्वेक्षण, मामला अध्ययनों के कार्य के समानांतर किया जाएगा। सर्वेक्षण यह समझने में सहायता करेगा कि समाधानों के पुन:अन्वेषण से बचने के लिए रूट से नीचे पंजीकरणों में चरों का प्रबंधन कैसे किया जाता है। उदाहरण के लिए, इसमें पंजीकरण द्वारा प्रबंधित किए जाने वाले चरों के प्रकार, ऐसे चरों के पंजीकरणकर्ताओं के लिए नीतिगत एवं तकनीकी अपेक्षाओं आदि से संबद्ध प्रश्न होंगे। TLD (gTLD एवं ccTLD) के ऐसे प्रचालकों को भेजने के लिए दल के सदस्य एक प्रश्नावली एकत्र करेंगे, जो इस समय IDN पंजीकरण की पेशकश करते हैं। प्रत्युत्तरों का सारांश एवं संश्लेषण एक रिपोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा, जो सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध होगी।

### 4.1 कार्य योजना

इस योजना में चार चरण हैं: उद्देश्यों को परिभाषित करना, अध्ययन दल गठित करना, मामला अध्ययन करना, मुद्दों को संश्लेषित करना, और मुद्दा रिपोर्ट तैयार करना। वे चित्र 1 में दिए गए हैं।




**चित्र 1: IDN चर TLD के मुद्दों की कार्य योजना**

1. लक्ष्य परिभाषित करें**:** कार्य योजना में पहला चरण अध्ययन दलों के उद्देश्यों का निर्धारण करना है। प्रस्तावित उद्देश्य **ऊपर** दिए गए हैं। ICANN का परियोजना दल उद्देश्यों के एक समुच्चय का प्रस्ताव करेगा जिसकी नए बोर्ड IDN चर कार्य समूह (BV-WG) द्वारा समीक्षा की जाएगा, तथा सामुदायिक निविष्टि के लिए इसे प्रकाशित किया जाएगा। अध्ययन किए जाने वाले मामले ऊपर आरेख में सुझाए गए हैं, किंतु इसे उपर्युक्त लक्ष्य निर्धारण कवायद द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

2. मामला अध्ययन दल का गठन**:** दूसरा चरण पांच अलग-अलग मामला अध्ययन करने के लिए पांच अलग मामला अध्ययन दलों की स्थापना है। अध्ययन दलों की प्रस्तावित संरचना का नीचे वर्णन किया गया है। प्रत्येक दल का नेतृत्व संगत समुदाय से परामर्श करके ICANN द्वारा चिन्हित समुदाय दल अगुआ द्वारा किया किया जाएगा।

3. मामला अध्ययन**:** निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक मामला अध्ययन दल एक विस्तृत अध्ययन योजना विकसित करेगा। प्रत्येक मामला अध्ययन के परिणाम में निम्नलिखित शामिल होंगे:

   - उस मामले के लिए एक मुद्दा रिपोर्ट। उम्मीद है कि कुछ मुद्दे सभी मामलों से संबंधित होंगे जबकि कुछ मामला विशिष्ट होंगे।
   - लक्ष्य (1) एवं (2) के लिए आवश्यक मुद्दों का एक समुच्चय खंड 3 में सूचीबद्ध है।

4. मुद्दों का संश्लेषण**:** पांच दलों के प्रतिनिधियों से बना एक समन्वय दल, एक एकल मुद्दा रिपोर्ट विकसित करेगा। रिपोर्ट को दो भागों में विभाजित किया जाएगा। एक भाग अध्ययन किए गए सभी मामलों से संबंधित सामान्य मुद्दों से बना होगा। दूसरा भाग विशिष्ट मामलों से संबंधित सामान्य मुद्दों से बना होगा।

5. मुद्दों की रिपोर्ट: मुद्दों की रिपोर्ट अध्ययन किए गए पांच मामलों के लिए हल किए जाने वाले सामान्य एवं मामला-विशिष्ट मुद्दों में से प्रत्येक का वर्णन करेगी। यह एक विस्तृत रोडमैप भी प्रदान करेगी, जिसे अतिरिक्त मामलों के अध्ययन के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है। इन आरंभिक पांच मामला अध्ययनों से प्राप्त अनुभव से अतिरिक्त मामलों के लिए समान मुद्दा रिपोर्टो का दक्ष विकास संभव होना चाहिए।

## 4.2 अध्ययन दल की संरचना

प्रत्येक दल का गठन निम्नलिखित से अवश्य होना चाहिए: सामुदायिक दल अगुआ, सामुदायिक प्रतिनिधि, भाषा-विज्ञान विशेषज्ञ, DNS विशेषज्ञ, सुरक्षा एवं स्थिरता, नीति विशेषज्ञ एवं पंजीकरण प्रचालन विशेषज्ञ – नीचे दी गई सारणी 1 देखें। कार्य का सफलतापूर्वक पूरा होना, उपर्युक्त सभी के अलावा सारभूत कार्य संपन्न करने के लिए सामुदायिक संसाधन ढूंढ़ने पर निर्भर है।

**सारणी 1: प्रत्येक मामला अध्ययन दल की संरचना**

| विशेषज्ञता के क्षेत्र: | विवरण |
|---|---|
| सामुदायिक प्रतिनिधित्व | स्थानीय संस्कृति, रीति-रिवाजों, एवं प्रथाओं की समझ रखने वाले विशेषज्ञ। |
| भाषाई | स्थानीय सामुदाय से मामला-विशिष्ट एवं यूनिकोड विशेषज्ञ। |
| DNS | IETF प्रतिभागी जिन्हें DNS एवं IDNA का ज्ञान है। |
| सुरक्षा और स्थिरता | ऐसे विशेषज्ञ जिन्हें इंटरनेट नयाचार प्रयोग पर चरों की सुरक्षा और स्थिरता संबंधी निहितार्थों का ज्ञान हो। |
| नीति | ऐसे विशेषज्ञ जिन्हें ICANN की ऊपर से लेकर नीचे तक की प्रक्रियाओं का ज्ञान हो। |
| पंजीकरण प्रचालन | ऐसे विशेषज्ञ जो स्थानीय पंजीकरण प्रचालनों एवं मानकों से परिचित हो |

दलों की भर्ती एवं सहायता के लिए जिम्मेदार ICANN के परियोजना स्टाफ में निम्नलिखित शामिल हैं:

परियोजना मार्गदर्शक: डेनिस जेनिंग्स
प्रबन्धन की चूक: कुर्ट प्रिट्ज़
DNS के प्रचालन एवं सुरक्षा और स्थिरता: किम डेवीज़
नीति समन्वय स्टीव शेंग
पंजीकरण प्रचालन: फ्रैंसिस्को एरियाज
भाषाई पहुंच: बाहेर इस्मत
सामुदायिक संपर्क:नीला सर्रास
परियोजना प्रबन्धन: कैरोल कार्नेल

## 4.3 परियोजना प्रबन्धन और समंवय

IDN चर TLDs परियोजना के कार्यान्वयन में सहायता के लिए ICANN परियोजना प्रबन्धन सेवाएं प्रदान करेगा।

इन सेवाओं में निम्नलिखित शामिल होंगे:

- आयोजना - परियोजना आयोजना, मामला अध्ययन दलों के साथ योजना विकसित करने के लिए कार्य करना
- परियोजना अनुसूची– एक सहमत मील के पत्थरों के साथ कार्यकारी एकीकृत अनुसूची विकसित करना एवं अनुरक्षित करना
- संचार – आंतरिक एवं बाह्य संचार, स्थिति रिपोर्टें, प्रगति अपडेट्स, गतिविधियों का समन्वय
- निष्पादन – समय प्रदेयताएं सुकर बनाने के लिए दलों के साथ काम करना
- समन्वय – सूचनाएं एकत्र करना एवं संश्लेषित करना, बैठकों के कार्यवृत्त एवं आवश्यकतानुसार अन्य सहायता प्रदान करना

## 4.4 सूचनाओं को साझा करना

डोमेन नामों में चरों के विषय पर JIG[5], भाषा-विशिष्ट पहलों[6], IRD[7], एवं IETF जैसे समूहों के बीच समुदाय में अधिक मात्रा में विस्तृत रूप से चर्चा हो रही है। इस परियोजना का सफलतापूर्वक पूरा होना सुनिश्चित करने के लिए, उन सबको निकटता से समन्वय बनाए रखना चाहिए जो चरों या संबद्ध विषय-वस्तुओं पर काम कर रहे हैं।

आवश्यक सूचना शेयर करने के दो प्रकार हैं: पांच मामला अध्ययन समूहों के अंदर साझा करना, मामला अध्ययन दल के कार्य को उपर्युक्त बाह्य संस्थाओं के साथ साझा करना।

पांच मामला अध्ययन समूहों के अंदर सूचनाएं साझा करने में सुविधा प्रदान करने के लिए, ICANN कहेगा कि:

1. एक दूसरे की प्रगति को अपडेट करने तथा यह चर्चा करने के लिए भी क्या किसी सामान्य सिद्धांत, या सहक्रियाओं का प्रयोग किया जा सकता है, पांच अध्ययन दलों के अगुआ नियमित कॉल (उदाहरणार्थ मासिक) करें।
2. परियोजना के लिए एक आंतरिक विकि तथा प्रत्येक मामला अध्ययन दल के लिए एक विकि सृजित की जाए जिसे अन्य अध्ययन दलों के सदस्य देख सकें।
3. परियोजना का अगुआ प्रत्येक अध्ययन दल के लिए सभी कॉल अटेंड करे।

---

[5] संयुक्त ccNSO-GNSO IDN कार्य समूह से संबंधित है।

[6] अरबी लिपि IDN कार्य समूह देखें <http://asiwg.org/wiki/>, Chinese Domain Name Consortium < http://www.cdnc.org/>

[7] अंतर्राष्ट्रीयकृत पंजीकरण डेटा पर संयुक्त GNSO-SSAC कार्य समूह से संबंधित है।

बाह्य संस्थाओं के साथ सूचना साझा करने में सुविधा प्रदान करने के लिए, ICANN कहेगा:

1. कि इन क्षेत्रों पर काम करने वाली बाह्य संस्थाओं के साथ अध्ययन दल के सदस्यों की सदस्यता परस्पर व्याप्त हो। उदाहरण के लिए नाम पर उर्फ IETF में काम करने वाला तकनीकी विशेषज्ञ कम से कम एक मामला अध्ययन समूह में शामिल होना चाहिए।
2. कुल मिलाकर पांच कार्य समूह अन्य बाह्य समूहों को तिमाही अपडेट प्रदान करें, तथा अन्य कार्य समूह भी अपनी प्रगति से इन पांच कार्य समूहों को अवगत कराते रहें।
3. स्टाफ एक अंतर्राष्ट्रीय विकि (जनता के लिए सुगम्य) सृजित करे, जिसमें डोमेन नाम के अद्यतन चरों पर सभी विभिन्न समूहों का कार्य प्रलेखित हो।
4. सार्वजनिक टिप्पणी के लिए प्रकाशित करके इस कार्य के परिणाम को सामाजिक बनाया जाए तथा IETF के संगत कार्य समूहों के लिए इसे निविष्टि के रूप में समझा जाए।

## 4.5 समय-सीमा

परस्पर निर्भरता या कार्यभार की दृष्टि से यह जटिल परियोजना नहीं है। तथापि, इस प्रकार के प्रयास के लिए भर्ती हमेशा से जटिल रही है क्योंकि बजटीय या नियोजित पद भर नहीं पाते हैं तथा भाग लेने के लिए उपलब्ध तकनीकी विशेषज्ञों की संख्या सीमित होती है। इसलिए, निर्धारित हुनर की भर्ती एवं कार्य संपन्न करने के लिए अनुमानित से थोड़ा अधिक समय दिया जाता है (क्योंकि निर्धारित हुनरों को मामला अध्ययनों के बीच साझा करना पड़ सकता है)। IDN एवं DNS विशेषज्ञों की संख्या सीमित है तथा यहां वर्णित समय-सीमा प्रत्येक मामला अध्ययन के लिए अपेक्षित हुनर प्राप्त करने पर निर्भर है।

नियमित प्रगति रिपोर्टें नए बोर्ड IDN चर कार्य समूह (BV-WG) को प्रदान की जाएंगी। सारणी 2 परियोजना की प्रस्तावित समयसीमा को दर्शाती है।

**सारणी *2:* परियोजना के लिए प्रारंभिक समयसीमा**

| कार्य | समय |
|---|---|
| लक्ष्य निर्धारण | मौजूदा – *31 मार्च 2011* |
| मामला अध्ययन दलों की भर्ती | मौजूदा – *29 अप्रैल 2011* |
| संपूर्ण मामला अध्ययन | *31 मार्च 2011 – 30 सितंबर 2011* |
| अध्ययनों में संश्लेषित मुद्दे | *1 अक्तूबर 2011 – 30 नवंबर 2011* |
| मुद्दों की रिपोर्ट का प्रकाशन | *15 दिसंबर 2011* |

## 4.6 बजट दर्शन

संभव सीमा तक तथा वृद्धिमूलक खर्च न्यूनतम करने के लिए, मामला अध्ययन प्रयास ICANN के स्वयंसेवकों द्वारा संपन्न किए जाएंगे तथा ICANN के स्टाफ सदस्यों द्वारा अनुसमर्थित किए जाएंगे जिनका

विभिन्न मामलों में प्रति-उपयोग किया जाता है। तथापि, कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निमित्त,व्यय किए जाएंगे। सफलता के महत्वपूर्ण पथ पर संसाधनों (DNS एवं भाषा-विज्ञानी विशेषज्ञ) को किसी न किसी ढंग से बरकरार रखा जाएगा ताकि उनकी उपलब्धता एवं उनके कार्य की पूर्णता सुनिश्चित हो। निधियों के स्रोतों का निर्धारण करने के लिए वित्त समिति से परामर्श किया जाएगा। यदि बजटीय कार्यों की प्राथमिकता फिर से निर्धारित करने की जरूरत होगी, तो बोर्ड से परामर्श किया जाएगा।